-प्रेस नोट-

दिनांकः 12.102025

# □□ सहारनपुर पुलिस की कड़ी कार्यवाही – *अन्तर्राज्यीय ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के 03 सदस्य घायल अवस्था में गिरफ्तार* □□

---

***थाना कोतवाली देहात व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ ट्रांसफार्मर चोरी के मुकदमें में 03 वांछित अन्तर्राज्यीय चोर घायलवस्था में गिरफ्तार, कब्जे से 03 तमंचे .315 बोर ,03 खोखा/ 08 जिंदा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, 01 फर्जी नम्बर प्लेट व ट्रांसफार्मर चोरी करने के उपकरण बरामद***

*अवगत कराना है कि* ***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती, गोकशी आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में लिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन गस्त/चैकिंग की जा रही है ।*** *इसी क्रम में दिनांक 12.10.2025 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रामनगर से शेखपुरा की तरफ जाने वाली रोड पर टपरी बायपास वाली पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी । तभी ग्राम रामनगर की तरफ से शेखपुरा जाने वाली रोड पर एक स्विफ्ट कार आती दिखायी दी, संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी दिखाकर कार को रुकने का ईशारा किया गया. तभी अचानक कार सवार संदिग्ध बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर ग्राम मुबारिकपुर जाने वाली रोड कर भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया, कुछ दुरी पर जाकर बदमाश कार रोककर खेतो की तरफ भागने लगे । पुलिस टीम को अपने नजदीक आते देख बदमाशों द्वारा पुनः पुलिस टीम पर जाने से मारने की नियत से फायिरंग कर दी ।* ***पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में तीन बदमाशो के पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार*** *किया गया । एक अन्य बदमाश अंधेरे व खेतो का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया । फरार बदमाश की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की जा रही है । घायल 03 बदमाशों की* ***पहचान 1. मुजम्मिल पुत्र मोहब्बत निवासी मसावी थाना- थानाभवन जनपद शामली, 2. सरफराज उर्फ सोनू पुत्र स्व गुलाम मौहम्मद निवासी ग्राम जौला थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर व 3. राजू उर्फ राजीव पुत्र दरियाव सिंह ग्राम हीण्ड थाना- थानाभवन जनपद शामली*** *के रुप में हुई । गिरफ्तार अभियुक्तो के* ***कब्जे से 03 तमंचे .315 बोर, 03 खोखा/ 08 जिंदा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार(UP 17 L 8765), 01 फर्जी नम्बर प्लेट, ट्रासंफार्मर चोरी करने के उपकरण (01 लोहे का कटर, 01 लोहे की रॉड, लोहे की चेन/शंकल, पाना आदि)*** *बरामद हुए । घायल तीनो बदमाशों को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।* ***घायल तीनों बदमाशों के विरुद्ध उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों (सहारनपुर ,मेरठ,मुजफ्फरनगर,नोएडा) के थानों पर दो-दो दर्जन से अधिक चोरी,गैंगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट जैसे संगीन अपराधों में मुकदमें पंजीकृत*** *है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर तीनो अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर* ***मु0अ0सं0 509/2025 धारा 109(1)/ 317(5)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट*** *पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-***

*1. मुजम्मिल पुत्र मोहब्बत निवासी मसावी,थाना भवन,शामली*

2. सरफराज उर्फ सोनू पुत्र स्व गुलाम मौहम्मद निवासी ग्राम जौला,थाना बुढ़ाना,मुजफ्फरनगर
3. राजू उर्फ राजीव पुत्र दरियाव सिंह ग्राम हीण्ड,थाना भवन,शामली

**बरामदगी का विवरण-**

- 03 तमंचे .315 बोर
- 03 खोखा/ 08 जिंदा कारतूस .315 बोर
- घटना में प्रयुक्त 01 स्विफट कार(UP 17 L 8765), 01 फर्जी नम्बर प्लेट, ट्रासंफार्मर चोरी करने के उपकरण (01 लोहे का कटर, 01 लोहे की रॉड , लोहे की चेन/शंकल, पाना आदि) बरामद हुए।

**अभियुक्त मुजम्मिल का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 152/2022 धारा 342/395/412 भादवि थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर
2. मु0अ0सं0 301/2022 धारा 2/3 गैगस्टर अधिनियम ताना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर
3. मु0अ0सं0 31/2020 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर
4. मु0अ0सं0 207/2020 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर
5. मु0अ0सं0 209/2020 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर
6. मु0अ0सं0 10/2021 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना बडगाँव जनपद सहारनपुर
7. मु0अ0सं0 15/2021 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना बडगाँव जनपद सहारनपुर
8. मु0अ0सं0 18/2021 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना बडगाँव जनपद सहारनपुर
9. मु0अ0सं0 168/2019 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना भोरा कलां जनपद मुजफ्फरनगर
10. मु0अ0सं0 182/2019 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना भोरा कलां जनपद मुजफ्फरनगर
11. मु0अ0सं0 61/2020 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर
12. मु0अ0सं0 10/2021 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना कैराना जनपद शामली
13. मु0अ0सं0 198/2020 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना बाबरी जनपद शामली

**अभियुक्त सरफराज का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 57/2020 धारा 307 भादवि थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर
2. मु0अ0सं0 59/2020 धारा 3/5/25 आयुध अधि0 थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर
3. मु0अ0सं0 107/2022 धारा 341/395/412 भादवि थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर
4. मु0अ0सं0 272/2022 धारा 379 भादवि थाना मवाना जनपद मेरठ
5. मु0अ0सं0 955/2015 धारा 302/394 भादवि थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ
6. मु0अ0सं0 56/2021 धारा 307 भादवि थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर
7. मु0अ0सं0 79/2021 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर
8. मु0अ0सं0 411/2021 धारा 452/323/504/506 भादवि थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर
9. मु0अ0सं0 238/2020 धारा 307 भादवि थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर
10. मु0अ0सं0 239/2020 धारा 414 भादवि थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर
11. मु0अ0सं0 240/2020 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर
12. मु0अ0सं0 153/2022 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर

**अभियुक्त राजीव उर्फ राजू का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 31/2020 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर

*2. मु0अ0सं0 198/2020 धारा 136/137 विधुत अधिनियम थाना बाबरी  जनपद शामली*
*3. मु0अ0सं0 61/2020 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना मीरापुर  जनपद मुजफ्फरनगर*
*4. मु0अ0सं0 10/2021 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना कैराना  जनपद शामली*
*5. मु0अ0सं0 43/2021 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना कैराना  जनपद शामली*
*6. मु0अ0सं0 54/2021 धारा 136/137 विधुत अधिनियम थाना कैराना  जनपद शामली*
*7. मु0अ0सं0 62/2021 धारा 307 भादवि थाना कैराना  जनपद शामली*
*8. मु0अ0सं0 64/2021 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना कैराना  जनपद शामली*
*9. मु0अ0सं0 15/2021 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना बडगाँव जनपद सहारनपुर*
*10.मु0अ0सं0 18/2021 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना बडगाँव जनपद सहारनपुर*
*11.मु0अ0सं0 168/2019 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना भोरा कलां  जनपद मुजफ्फरनगर*
*12.मु0अ0सं0 182/2019 धारा 136 विधुत अधिनियम थाना भोरा कलां  जनपद मुजफ्फरनगर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

*1. प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*2. निरीक्षक श्री संजीव कुमार, प्रभारी स्वाट टीम सहारनपुर*
*3. उ0नि0 नरेन्द्र भडाना थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*4. उ0नि0 सुबोध शर्मा थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*5. है0का0 447 अमरदीप सिँह स्वाट टीम सहारनपुर*
*6. है0का0 81 हरेंद्र कुमार स्वाट टीम सहारनपुर*
*7. है0का0 681 वसीम स्वाट टीम सहारनपुर*
*8. है0का0 07 सचिन शर्मा स्वाट टीम सहारनपुर*
*9. है0का0 1016 मनदीप सिंह स्वाट टीम सहारनपुर*
*10.हे0का0 917 धर्मवीर सिंह  थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*11.है0का0 1165 मोनू थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*12.हे0का0 241 कपिल कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*13.हे0का0 334 संजीव कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*14.हे0क0 1245 गौतम सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*15.का0 1501 मोहित कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*16.का0 2326 हिम्मत सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*17.का0 2342 कपिल कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।*
*18.का0 250 अखिलेश कुमार स्वाट टीम सहारनपुर*
*19.का0 405 गौरव स्वाट टीम सहारनपुर*
*20.का0 2229 अमित कुमार स्वाट टीम सहारनपुर*
*21.समस्त सर्विलांस टीम सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 12.10.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा बाद पुलिस मुठभेड़ मंदिरो से घंटे व अन्य कीमती सामान चोरी करने वाला 01 शातिर चोर/अभियुक्त घायलवस्था में गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा/04 जिन्दा कारतूस .315 बोर 01 बिना नम्बर प्लेट की चोरी की मोटरसाईकिल एंव मंदिरो से चोरी गया सामान बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, लूट, चोरी, नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में शामिल वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग/गश्त की जा रही है। इसी क्रम में **दिनांक 11/12.10.2025 की रात्रि** को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात मय पुलिस टीम के मंशापुर पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 व्यक्ति आते दिखाई दिये, जिन्हे पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी दिखाकर रुकने का ईशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार संदिग्धों द्वारा मोटर साइकिल मोड़ कर ग्राम बालपुर की तरफ जाने वाली रोड पर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया। कुछ दुरी पर जाकर बदमाशों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गयी। पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर जंगल/खेतों की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा की गयी **आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश के दाहिने पैर में गोली** लगने से घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश की पहचान **शौकीन उर्फ कादिर उर्फ सुफियान पुत्र फुरकान उर्फ इरफान उर्फ कुर्बान निवासी ग्राम उसण्ड थाना बेहट जनपद सहारनपुर** के रुप मे हुई। एक अन्य बदमाश खेतों व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार बदमाश की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की जा रही है । घायल बदमाश को ईलाज हेतू अस्पताल मे भर्ती कराया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर /01 खोखा/04 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 मोटरसाईकिल स्पलैण्डर प्लस (बिना नम्बर प्लेट), 03 बडे मंदिर के घंटे, 03 लुटिया, 01 घण्टी, 01 थाली, 03 लोटे (पीतल धातु के), 01 शंखनुमा ताम्बे का दूध चढाने का बर्तन, 01 नाग देवता के टुकडे (तांबे धातु के), 01 ताला तोडने का सरिया, 01 लोहे का कटर लोहा बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त शौकीन उर्फ कादिर उर्फ सुफियान थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मु0अ0सं0 **मु0अ0सं0 436/2025 धारा 305(डी)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 471/2025 धारा 305(डी)/317(2) बीएनएस** की घटनाओं मे वांछित चल रहा था । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर **मु0अ0सं0 508/2025 धारा 109(1)/317(5)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत** किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

शौकीन उर्फ कादिर उर्फ सुफियान पुत्र फुरकान उर्फ इरफान उर्फ कुर्बान निवासी ग्राम उसण्ड थाना बेहट जनपद सहारनपुर (घायल)

**गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 400/2015 धारा 4/25 आयुध अधि० थाना बेहट जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 142/2025 धारा 136/317 विद्युत अधिनियम थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 116/2016 धारा 457/380/411 भादवि थाना ननौता जनपद सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 458/2019 धारा 392/411 भादवि थाना बेहट जनपद सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 463/2019 धारा 25 आयुध अधि० थाना बेहट जनपद सहारनपुर
6. मु0अ0सं0 504/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि० थाना बेहट जनपद सहारनपुर
7. मु0अ0सं0 53/2020 धारा 60/63 आबकारी अधि० थाना बेहट जनपद सहारनपुर
8. मु0अ0सं0 339/2020 धारा 379/411 भादवि थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर
9. मु0अ0सं0 582/2020 धारा 3/25 आयुध अधि० थाना चिलाकाना जनपद सहारनपुर
10. मु0अ0सं0 840/2020 धारा 380/411 भादवि थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर
11. मु0अ0सं0 378/2020 धारा 380/411/413 भादवि थाना नांगल जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

- 01 तमंचा .315 बोर /01 खोखा/04 जिंदा कारतूस.315 बोर
- 01 बिना नम्बर प्लेट की चोरी की मोटरसाईकिल स्पलैण्डर प्लस
- 03 बडे मंदिरो के घंटे, 03 लुटिया, 01 घण्टी, 03 लोटे, 01 थाली (पीतल धातु के)
- नाग देवता के टुकडे , 01 शंखनुमा का दुध चढाने का(तांबा धातु का)
- 01 सरिया (ताला तोडने हेतु)
- 01 लोहे का कटर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री भीम प्रकाश थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3. है0का0 1260 सोविन्द्र थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 1272 इरफान थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
5. है0का0 1150 विकास थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
6. है0का0 है0का 423 अरूण कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

दिनांकः 12.10.2025

-प्रेस नोट-

*➡️श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर के निर्देशन मे जनपदीय पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत बच्चो का शोषण/बाल अपराध मे लिप्त 916 अपराधियों का सत्यापन अभियान संचालित*

*➡️सहारनपुर पुलिस का विशेष अभियान- बाल सुरक्षा के प्रति सहारनपुर पुलिस की बड़ी पहल*

*➡️श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर के कुशल निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निकट पर्यवेक्षण में जनपद सहारनपुर के समस्त थानों द्वारा एक विशेष सत्यापन अभियान संचालित किया गया। यह अभियान विशेष रूप से विगत 10 वर्षों के दौरान घटित बच्चो का शोषण/बाल अपराध मे लिप्त रहे अपराधियो को तस्दीक/सत्यापन/चिन्हांकन एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी एकत्र करने हेतु दिनांक 11.10.2025 को एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया।*

*➡️इस अभियान के अंतर्गत विगत 10 वर्षों के दौरान घटित बच्चो का शोषण/बाल अपराध मे लिप्त रहे अपराधियो का गहन सत्यापन एवं पड़ताल की गई।*

*अभियान का मुख्य उद्देश्य*
विगत 10 वर्षों के दौरान घटित बाल अपराधों अथवा बच्चों के शोषण से संबंधित मामलों में लिप्त रहे अपराधियों की वर्तमान स्थिति का सत्यापन, पहचान एवं निगरानी स्थापित करना था।

*➡️अभियान की प्रमुख विशेषताएं :*

1)जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में थाना अध्यक्षों के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित की गईं।
2)टीमों द्वारा विगत वर्षों में बाल अपराधों में लिप्त अभियुक्तों के रिकॉर्ड का पुनः परीक्षण किया गया
3)ऐसे अपराधियों का वर्तमान निवास, गतिविधियाँ एवं सामाजिक स्थिति सत्यापित की गई।
4)संदिग्ध व्यक्तियों एवं पुनः अपराध की प्रवृत्ति रखने वालों की गहन निगरानी हेतु रिपोर्ट तैयार की गई।
5)चिह्नित अपराधियों का डेटा एकत्र कर साइबर प्रकोष्ठ एवं अपराध शाखा को उपलब्ध कराया गया।

*अभियान का उद्देश्य :*

बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे अपराधियों पर निगरानी रखना जो अतीत में बाल अपराधों में संलिप्त रहे हैं।

भविष्य में बाल अपराधों की पुनरावृत्ति को रोकना एवं संवेदनशील इलाकों में पुलिस की उपस्थिति को सुदृढ़ करना।

जनसामान्य में यह संदेश देना कि बाल सुरक्षा और बाल अधिकारों की रक्षा हेतु पुलिस सदैव सक्रिय एवं संवेदनशील है।

अभियान का परिणाम :

जनपद भर में कुल 916 अपराधियों का सत्यापन/तस्दीक कार्य पूर्ण किया गया।

कई संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी हेतु संबंधित थानों को अलर्ट किया गया।

अपराध शाखा को अद्यतन डेटा प्रेषित कर रिकॉर्ड अपडेट किया गया।

क्षेत्रीय स्तर पर जागरूकता संवाद आयोजित कर नागरिकों को बाल सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।

*पुलिस की आमजन से अपील :*

*जनपद पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि—यदि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा बाल शोषण, बाल मजदूरी या बच्चों के प्रति अपराध किया जा रहा हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।*

*महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गयी :*

1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

1090 – वूमेन पावर लाइन

1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन

दिनांक- 12.10.2025

-प्रेस नोट-

# “ऑपरेशन सवेरा”

“नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”

## □ सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही □

## □ *मादक पदार्थ तस्करी पर थाना फतेहपुर पुलिस टीम का करारा प्रहार — 01 तस्कर गिरफ्तार, कुल 131 ग्राम अवैध चरस बरामद* □

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में “ऑपरेशन सवेरा” – “नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर” अभियान चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान “**आपरेशन सवेरा”** के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा कार्यवाहक थाना प्रभारी श्री भूपेन्द्र शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा दिनांक 12/10/2025 को चैकिंग के दौरान **01 नशा तस्कर अभियुक्त कुलदीप सैनी पुत्र बिशम्बर सिहँ सैनी निवासी ग्राम आलमपुर खुर्द थाना बेहट जनपद सहारनपुर** को मुजफ्फरी से नियामतपुर जाने वाले रास्ते पर मुर्गी फार्म के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से **कुल 131 ग्राम अवैध चरस** बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना फतेहपुर पर मु0अ0सं0 283/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. कुलदीप सैनी पुत्र बिशम्बर सिहँ सैनी निवासी ग्राम आलमपुर खुर्द थाना बेहट जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

- 131 ग्राम अवैध चरस बरामद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. कार्यवाहक थानाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र कुमार शर्मा थाना फतेहपुर सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री विजय सिंह थाना फतेहपुर सहारनपुर
3. है0का0 1032 ललित थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर
4. है0का0 566 रवित कुमार थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर

दिनांक- 12.10.2025

-प्रेस नोट-

# "ऑपरेशन सवेरा"

## "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

## □ सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही □

### □ *मादक पदार्थ तस्करी पर थाना नकुड़ पुलिस टीम का करारा प्रहार — 01 नशा तस्कर गिरफ्तार, 60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद* □

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में "ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर" अभियान चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार मे शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान "**आपरेशन सवेरा**" के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 11.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान **01 नशा तस्कर अभियुक्त मुबारिक पुत्र हाशिम निवासी ग्राम नवाजपुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर** को ग्राम जैनपुर के पास अम्बेहटापीर रोड़ पर बस स्टैण्ड पर बने प्रतिक्षालय से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से **कुल 60 ग्राम अवैध स्मैक** बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 431/2025 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

मुबारिक पुत्र हाशिम निवासी ग्राम नवाजपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

- 60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 विकास चारण थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
3. है0का0 464 प्रवेश कुमार थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
4. है0का0 650 वरणकार , थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
5. है0का0 643 दीपक कुमार, थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
6. का0 1806 योगेश शर्मा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
7. कां0 2018 सन्दीप अधाना थाना नकुड जनपद सहारनपुर

**दिनांक: 12.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# □ *थाना कुतुबशेर पुलिस की बड़ी सफलता — 01 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद* □

**घटना का संक्षिप्त विवरण :**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर** द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण, विशेषकर वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अनुपालन में **पुलिस अधीक्षक नगर** एवं **क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम** के निकट पर्यवेक्षण तथा **थाना प्रभारी निरीक्षक श्री एच.एन. सिंह** के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्यवाही की गई।

दिनांक **10.10.2025** को चेकिंग/गश्त के दौरान पुलिस टीम ने **सर्किट हाउस के कोने पर खाली पड़े ग्राउंड के पास** से एक संदिग्ध व्यक्ति को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की पहचान **मोहतसीन पुत्र साजिद निवासी ग्राम बीजोपुरा थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर** के रूप में हुई।

अभियुक्त के कब्जे से **एक चोरी की मोटरसाइकिल (एचएफ डीलक्स नं. UP11 BM 2552)** बरामद की गई।

**पंजीकृत मुकदमा :** बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर **थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 396/2025 धारा 317(5)/336 बीएनएस बनाम मोहतसीन उपरोक्त** पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए **माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :**

**नाम:** मोहतसीन पुत्र साजिद निवासी ग्राम बीजोपुरा, थाना कोतवाली देहात, जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण :**

- □ 01 अदद मोटरसाइकिल **एचएफ डीलक्स नं. UP11 BM 2552**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :**

1□ उ0नि0 **अवशेष भाटी**, थाना कुतुबशेर

2□ हे0का0 **960 सचिन कुमार**, थाना कुतुबशेर

3□ हे0का0 **559 सन्नी राणा**, थाना कुतुबशेर

4□ उ0नि0 **कृष्ण कुमार**, थाना कुतुबशेर

5□ हे0का0 **397 सचिन कुमार**, थाना कुतुबशेर

दिनांकः 12.10.2025

-प्रेस नोट-

## ***थाना चिलकाना पुलिस टीम द्वारा मंदिर से चोरी की घटना का अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से दानपात्र से चोरी गये 315/- रूपये बरामद***

***घटना का सक्षिप्त विवरणः-*** *अवगत कराना है कि दिनांक 01.0.2025 को वादी श्री मांगेराम सैनी पुत्र शोभाराम सैनी निवासी मौ0 काजीमल कस्बा थाना चिलकाना स0पुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोरो द्वारा वादी के गाँव खेडे प्रगण में शनि मंदिर के दान पात्र से दस से बीस हजार रुपये चोरी करने के सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0 253/25 धारा 305 ए बीएनएस पंजीकृत किया गया था।*

***कार्यवाही का विवरणः*** *- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.10.2025 को थाना चिलकाना पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में 01 वांछित चोर* ***अभियुक्त मुकीम पुत्र हनीफ निवासी दुमझेडा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*** *को कालू माजरा जाने वाले रास्ते पर ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी गये 315/- रूपये नकद बरामद। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-***

*मुकीम पुत्र हनीफ निवासी दुमझेडा थाना चिलकाना जनपपद*

***बरामदगी –***

*315/- रूपये नकद चोरी गये*

***अभि0 मुकीम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास***

1. *मु0अ0सं0 253/25 धारा 305ए/317(2) बीएनएस थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
2. *मु0अ0सं0 307/17 धारा 395 भादवि थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
3. *मु0अ0सं0 153/15 धारा 8/20 एनडीपीएस थाना सरसावा सहारनपुर*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नामः***

1. *उ0नि0 राजेन्द्र कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
2. *का0 1059 अनुज कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*
3. *का0 1551 अमित कुमार थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर*

दिनांक: 12.10.2025

-प्रेस नोट-

# □ थाना देवबन्द मिशन शक्ति टीम की त्वरित कार्यवाही

## □ *मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम द्वारा सड़क पर आती जाती महिलाओं/युवतियों पर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले 01 मनचला अभियुक्त गिरफ्तार*

अवगत कराना है कि **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** के निर्देशन में *महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम*, *नारी सुरक्षा एवं सम्मान* को सुदृढ़ करने हेतु जनपद में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक **श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा** के कुशल नेतृत्व में थाना **देवबन्द** *मिशन शक्ति एण्टी रोमियो टीम* द्वारा एक सराहनीय कार्रवाई की गई।

□♀□ **घटना का विवरण: -** दिनांक **12.10.2025** को थाना देवबन्द *मिशन शक्ति टीम* द्वारा **ग्राम बहादुरपुर** से गश्त के दौरान 01 संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जो सड़क पर आने-जाने वाली **महिलाओं एवं युवतियों पर अश्लील टिप्पणियाँ एवं फब्तियाँ** कस रहा था।

**गिरफ्तार अभियुक्त—**

1□ **बन्टी पुत्र नेतीपाल नि0 ग्राम बहादुरपुर थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर**

□ **कानूनी कार्रवाई: -** अभियुक्त की गिरफ्तारी के आधार पर **थाना देवबन्द** पर *मु0अ0सं0-837/25*, धारा **296 बीएनएस** के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक **विधिक कार्रवाई** की जा रही है।

□♂□ **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:**

**1.** उ0नि0 **रणवीर सिंह**, थाना देवबन्द, सहारनपुर
**2.** उ0नि0 **मलखान सिंह**
**3.** हे0का0 **350 अमित ढाका**
**4.** हे0का0 **2471 नरेन्द्र कुमार**
**5.** म0का0 **121 रीकम**

दिनांकः 12-10-2025

-प्रेस नोट-

# सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही —
# थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा मन्दिर से मूर्ति चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 चोर गिरफ्तार, निशानदेही पर चोरी गयी मूर्ति बरामद

**घटना का विवरणः** - *अवगत कराना है कि वादी श्री धर्मनाथ पुजारी पुत्र इतवारी नाथ निवासी ग्राम साल्हापुर थाना नकुड़ जिला सहारनपुर के द्वारा दाखिला तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा ग्राम साल्हापुर मे स्थित खेड़ा मंदिर से माता शेरावाली की संगमरमर की मूर्ति चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना नकुड पर दिनांक 31.08.2025 को मु0अ0सं0 343/25 धारा 305(घ) भा0न्या0सं0 पंजीकृत कराया गया था।*

**पुलिस कार्यवाहीः -** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उक्त चोरी की घटना का शीघ्र अनवारण करने हेतु निर्देशित काय गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 12.10.2025 को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में मंदिर से मूर्ति चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए* ***01 वांछित चोर/अभियुक्त अहसान पुत्र इनाम नि0 ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जिला सहारनपुर*** *को गैस्ट हाऊस के पास नकुड फन्दपुरी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम ककराला के जंगल मे एक आम के बाग से चोरी गयी माता की मूर्ति बरामद की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

*अहसान पुत्र इनाम नि0 ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड जिला सहारनपुर*

**बरामदगी का विवरणः**

*01 चोरी गयी माता की मूर्ति*

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार त्यागी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर,
2. उ0नि0 श्री उदयवीर सिंह थाना नकुड जनपद सहारनपुर,
3. है0का0 713 नितिन कुमार थाना नकुड जनपद सहारनपुर,
4. है0का0 693 वीरप्रताप तोमर थाना नकुड जनपद सहारनपुर,
5. है0का0 1021 मतीन अहमद थाना नकुड जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

# "ऑपरेशन सवेरा"

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

## थाना कुतुबशेर सहारनपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 117 ग्राम अवैध चरस बरामद

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों /नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री एच0एन0 सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 12.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर/**अभियुक्त शौकीन पुत्र रफीक नि0 मौहल्ला काजीपुरा नवादा रोड थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर उम्र करीब 50 वर्ष** को सर्किट हाऊस के सामने सडक से खण्डहर की तरफ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 117 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुतुबशेर पर **मु0अ0सं0 400/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट** के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

अभियुक्त शौकीन पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला काजीपुरा नवादा रोड थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर

**बरामदगी -**

- 117 ग्राम अवैध चरस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण-**

1. म0उ0नि0 सुमन चाहर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 भूपेश शर्मा थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 639 मुकेश कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. म0का0 2154 रितिका थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

**दिनांकः 12.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

## □ थाना कोतवाली मण्डी पुलिस की बड़ी सफलता — मिशन शक्ति टीम द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने के मुकदमे में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार □♀□

***घटना का संक्षिप्त विवरण :***

*दिनांक **14.05.2025** को वादी **श्री मोहसीन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मुजफ्फरी मस्जिद के पास, बुशरा कॉलोनी, खाताखेड़ी थाना कोतवाली मण्डी, जनपद सहारनपुर** द्वारा थाना मण्डी पर लिखित तहरीर दी गई कि अभियुक्तगण 1. **शबाना पुत्री निसार**, 2. **निसार**, 3. **असलम** व 4. **मेहरबान पुत्र निसार** निवासी **ग्राम सुनेहटी खडखड़ी, थाना गागलहेड़ी, जनपद सहारनपुर** — द्वारा वादी के भाई **शाहरून** को आत्महत्या के लिए उकसाया गया, जिसके फलस्वरूप उसने **जहरीला पदार्थ सेवन कर आत्महत्या कर ली**, तथा उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।*

*इस घटना के संबंध में थाना मण्डी पर **मु0अ0सं0 193/25 धारा 108 बीएनएस** पंजीकृत किया गया था।*

***पुलिस कार्यवाही :***

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी एवं मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, **पुलिस अधीक्षक नगर** एवं **क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम** के निकट पर्यवेक्षण तथा **थाना प्रभारी निरीक्षक श्री रोजन्त त्यागी** के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली मण्डी की **मिशन शक्ति टीम** द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई।*

*आज दिनांक **12.10.2025** को मुखबिर की सूचना पर **थाना मण्डी पुलिस टीम** द्वारा **वांछित अभियुक्ता शबाना पुत्री निसार निवासी चुन्हैड़ी शेख, थाना गागलहेड़ी, जनपद सहारनपुर** को **खाताखेड़ी मेन गेट, सहारनपुर** से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक **विधिक कार्यवाही** पूर्ण कर उसे **माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।***

***गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण –***

*शबाना पुत्री निसार निवासी चुन्हैड़ी शेख, थाना गागलहेड़ी, जनपद सहारनपुर*

***गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –***

1. *उ0नि0 **राहुल शर्मा**, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर*
2. *म0हे0का0 **938 पूजा निश्चल**, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर*
3. *हे0का0 **422 विनोद कुमार**, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर*
4. *का0 **2245 अंशु**, थाना मण्डी, जनपद सहारनपुर*

**दिनांकः 12.10.2025**

-प्रेस नोट-

# *थाना देवबंद मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा स्टंटबाजी करने वाले युवक पर की गई प्रभावी कार्यवाही।*

*प्रदेश सरकार द्वारा संचालित **ऑपरेशन मिशन शक्ति फेज-5.0** के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जनपद सहारनपुर में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी अभियान लगातार संचालित किए जा रहे हैं।*

*इसी क्रम में, **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** के निर्देशन, **पुलिस अधीक्षक ग्रामीण** एवं **क्षेत्राधिकारी देवबंद** के निकट पर्यवेक्षण तथा **थाना प्रभारी निरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार शर्मा** के कुशल नेतृत्व में **थाना देवबंद मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम** द्वारा त्वरित व सराहनीय कार्रवाई की गई।*

*आज दिनांक **12.10.2025** को थाना देवबंद क्षेत्र के **मीना बाजार** में एक युवक द्वारा **स्पाइडर मैन का मुखौटा लगाकर स्टंटबाजी** की जा रही थी, जिस कारण बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना प्राप्त होने पर थाना देवबंद मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम द्वारा स्टंटबाज **युवक/अभियुक्त तुषार कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी मौ० कायस्थवाड़ा, थाना देवबंद जनपद सहारनपुर** को हिरासत में लिया गया एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा युवक को चेतावनी देकर परिजनो के सुपुर्द किया गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।*

*शक्ति/एंटी रोमियो टीम — थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर*
*उ0नि0 **अजब सिंह**,*
*उ0नि0 **अशोक कुमार**,*
*म0हे0का0 **292 प्रियंका शर्मा**,*
*म0का0 **121 रीकम***

दिनांकः 12.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ थाना रामपुर मनिहरन पुलिस द्वारा “Run for DAV” कार्यक्रम में मिशन शक्ति व साइबर जागरूकता अभियान आयोजित*

*➡□आज दिनांक 12.10.2025 को DAV स्कूल, थाना रामपुर मनिहरन, जनपद सहारनपुर में आयोजित “Run for DAV” कार्यक्रम में एण्टी रोमियो टीम थाना रामपुर मनिहरन द्वारा सहभागिता की गई।*

*□♀□ टीम द्वारा विद्यालय के सभी स्टाफ, बच्चों एवं अभिभावकों को हरी झण्डी दिखाकर Run for DAV का शुभारंभ कराया गया।*

*➡□कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से जागरूकता बढ़ाने हेतु संवाद किया।*

*□ साथ ही राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अवसर पर उपस्थित बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई —*

□ फ्रॉड कॉल, डिजिटल अरेस्ट, फेक लिंक, OTP फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए गए।

□ सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, पासवर्ड सुरक्षा एवं संदिग्ध लिंक न खोलने की सलाह दी गई।

□ टीम द्वारा सरकार द्वारा जारी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —

☎□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

☎□ 1090 – वूमेन पावर लाइन

☎□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

☎□ 1930 – साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग हेल्पलाइन

*➡□कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि वे साइबर अपराधों से सतर्क रहेंगे और महिला सुरक्षा एवं सम्मान के संदेश को समाज में आगे बढ़ाएंगे।*

दिनांकः 12.10.2025

-प्रेस नोट-

*➡□□ महिला थाना एवं साइबर थाना सहारनपुर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित*

*➡□आज दिनांक 12.10.2025 को महिला थाना नोडल अधिकारी (साइबर व एण्टी रोमियो प्रभारी) उ0नि0 अर्शिया कुरैशी मय टीम —म0हे0का0 राधा, म0का0 कोमल व वर्षा, तथा साइबर थाना टीम उ0नि0 आशीष चौधरी मय म0हे0का0 रुचि एवं कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण द्वारा संयुक्त रूप से साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया।*

*□अभियान के तहत रेलवे स्टेशन सहारनपुर एवं इस्लामिया इंटर कॉलेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद बालिकाओं, बालकों एवं आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई।*

*□ पुलिस टीम ने वीडियो व ऑडियो माध्यमों के जरिए लोगों को जागरूक किया और बताया कि—*

□ Digital Arrest,

□ Cyber Fraud,

□ Phishing Links,

□ Online धोखाधड़ी एवं साइबर अपराधों से कैसे बचें।

□ उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —

☎□ 1930 – साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन, ☎□ 1090 – वूमेन पावर लाइन

☎□ 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा, ☎□ 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन

*□ कार्यक्रम के दौरान पंपलेट वितरित किए गए, लोगों से उनकी समस्याएं पूछी गई तथा तत्काल निस्तारण किया गया।*

*□ महिला थाना एवं साइबर थाना सहारनपुर का उद्देश्य:*

*नारी सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के साथ-साथ साइबर अपराधों से सुरक्षित समाज का निर्माण।*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन
5.0

दिनांक: 12.10.2025

*□ थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान — रेलवे स्टेशन पर स्क्रीन के माध्यम से जागरूकता □□♀□*

*➡□आज दिनांक 12.10.2025 को थाना सदर बाजार, जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह एवं मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत रेलवे स्टेशन सहारनपुर पर यात्रियों व आमजन को साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए स्क्रीन के माध्यम से जागरूक किया गया।*

*□ पुलिस टीम द्वारा प्रदर्शित जागरूकता वीडियो में बताया गया कि —*
□ Digital Arrest, Fake Link, OTP Fraud जैसी ठगी से कैसे बचें।
□ किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।
□ साइबर अपराध की सूचना तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर दें।

*□ साथ ही उपस्थित यात्रियों को सरकार द्वारा जारी प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —1930 (Cyber Fraud) | 1090 (Women Helpline) | 112 (Police Emergency) | 1098 (Child Helpline)*

*□ थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा यह पहल लोगों में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।*

दिनांक: 12.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ महिला थाना मोबाइल टीम द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान संचालित □□♀□*

*आज दिनांक 12.10.2025 को महिला थाना मोबाइल टीम, जनपद सहारनपुर द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत जे. वी. जैन कॉलेज, मल्हीपुर रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाया गया।*

*□ अभियान के दौरान थाना मोबाइल पर ऑडियो संदेशों के माध्यम से आमजन, छात्र-छात्राओं एवं राहगीरों को निम्न विषयों पर जागरूक किया गया —*

□ *Digital Arresting*
□ *Cyber Fraud / Online ठगी*
□ *Cyber Crime Awareness*

*□ लोगों को बताया गया कि अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या OTP साझा करने से बचें तथा किसी भी साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।*

*□ साथ ही, क्षेत्र में मौजूद नागरिकों को पंपलेट वितरित कर जागरूकता सामग्री प्रदान की गई, ताकि वे स्वयं सतर्क रहें और दूसरों को भी सतर्क कर सकें।*

दिनांकः 12.10.2025

-प्रेस नोट-

*□ थाना नकुड़ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सघन चेकिंग व जनजागरूकता अभियान संचालित*

*➡□आज दिनांक 12.10.2025 को थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत एण्टी रोमियो टीम द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया।*

